Nukkad Natak: A Street Play to Combat Drug Abuse

19-11-2024

On November 19, 2024, Babu Anant Ram Janta College, Kaul, Kaithal, organized a street play titled **Nukkad Natak: A Street Play to Combat Drug Abuse** under the joint aegis of the Drug-Free Awareness Cell, Tobacco Control Cell, and Youth Red Cross Club, as per the directives of the Directorate of Higher Education. The event was held under the able guidance of Principal Dr. Rishipal, who also presided over the program. The conveners for the event were Dr. Mukesh Chahal (Drug-Free Awareness Cell and Tobacco Control Cell) and Dr. Meenakshi (Youth Red Cross Club).



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताए नशे के दुष्परिणाम

फास्ट मीडिया, जोगिंद्र सिंह निसिंग। बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल कैथल में उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ० ऋषिपाल के कुशल मार्गदर्शन में नशा मुक्ति जागरूकता प्रकोष्ठ, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ और यूथ रेड क्रॉस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में "नुक्कड़ नाटकः नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एक अभियान" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ऋषिपाल प्राचार्य बाबू अनंत राम जनता कॉलेज ने की जबकि संयोजिका डॉ. मुकेश चहल नशा मुक्ति जागरूकता सेल, तंबाकू नियंत्रण सेल और डॉ. मीनाक्षी, संयोजिका, यूथ रेड क्रॉस क्लब रहीं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ० ऋषिपाल ने कहा कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग हमारे समाज के लिए एक बड़ा खतरा है। यह हमारे युवाओं को बर्बाद कर रहा है और हमारे समाज को कमजोर कर रहा है। इसलिए मैं आप सभी से अनुरोध करता हूँ कि आप नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ने में हमारा साथ दें। आइए ! हम मिलकर अपने समाज को नशीली दवाओं से मुक्त बनाएं। इस अवसर पर नशा मुक्ति जागरूकता सेल, तंबाकू नियंत्रण सेल की संयोजिका डॉ. मुकेश चहल ने कहा कि आज हमने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों को उजागर किया है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता है। नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य छात्रों में नशीली दवाओं और तंबाकू के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नुक्कड़ नाटक के द्वारा बताया गया कि मादक पदार्थ से घर परिवार तबाह हो जाता है और जीवन नष्ट हो जाता है। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों से सबसे अधिक युवा प्रभावित हो रहे हैं।उन्हें इसकी लत लग रही है और उनका जीवन बर्बाद हो रहा है। कई युवा मादक पदार्थों के खरीद बिक्री में पकड़े जा रहे हैं और कम उम्र में ही जेल की सजा भुगत रहे हैं। उन्होंने युवाओं से मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की और इसके प्रति जागरूक रहने की भी सलाह दी। नाटक में नशे के कारण होने वाली समस्याओं को दिखाया गया जैसे कि परिवार की समस्याएं, आर्थिक समस्याएं और स्वास्थ्य समस्याएं। संयोजिका यूथ रेड क्रॉस क्लब डॉ. मीनाक्षी ने कहा कि नाटक के माध्यम से हमने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया। हमें उम्मीद है कि यह नाटक युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेगा प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मुकेश चहल व डॉ. मिनाक्षी के प्रयासों की सराहना की व आयोजकों को बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।